# स्वच्छता से आम लोगों को जोड़ने के लिए जेएनएसी ने की नई पहल

# सफाई व्यवस्था में 'इनोवेटिव आईडिया' देने वाले शहरवासी होंगे पुरस्कृत

## स्वच्छता पर बेहतर सुझाव देने वाले होंगे पुरस्कृत

**जमशेदपुर** | जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) ने स्वच्छता से आम लोगों को जोड़ने के लिए नई तरकीब निकाली है। इसके लिए स्वच्छ टेक्नोलॉजी इनोवेशन चैलेंज की शुरुआत की है। विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने सोमवार को सभी सिटी मैनेजरों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के विभिन्न घटकों में शहर की स्थिति मजबूत करने के लिए सभी स्कूलों व शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं व आम लोगों से स्वच्छता पर सुझाव मांगा जाएगा। बेहतर सुझावों को अमल में लाया जाएगा। सुझावों के आकलन के लिए एक कमेटी गठित होगी। जिन लोगों के सुझाव बेहतर होंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

**स्वच्छता अभियान**

## सफाई में सहयोग पर मिलेगा पुरस्कार



- जमशेदपुर अक्षेस ने शुरू की स्वच्छ टेक्नोलॉजी इनोवेशन चैलेंज की शुरुआत

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करने वालों को अब जमशेदपुर अक्षेस पुरस्कार देकर सम्मानित करेगा. अक्षेस ने स्कूलों व इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों सहित सभी शहरवासी से साफ-सफाई और स्वच्छ भारत मिशन के विभिन्न घटकों में शहर की स्थिति मजबूत करने के लिए इनोवेटिव आइडिया मांगा है. आइडिया को जेएनएसी की टीम अप्रूव करेगी. अप्रुव होने पर जेएनएसी आइडिया देने वालों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित करेगी. विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि टेक्नॉलाजी और इनोवेटिव आइडिया का प्रयोग कर शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करने वालों को स्टार्टअप के रूप में प्रमोट करेंगे. इसमें लोगों की सफाई से संबंधित शिकायतें दूर करने के लिए एप डेवलप करना या कचरे का उपयोग कर कोई प्रोडक्ट तैयार करना आदि शामिल हैं. स्टार्ट अप के साथ स्वच्छ इनोवेटिव टेक्नॉलाजी चैलेंज को स्वच्छ सर्वे में जोड़ा जा रहा है. इसके लिए सर्वे में नंबर मिलेंगे, जो शहरों की रैंकिंग तय करेंगे. शहर की रैंकिंग सुधारने और सबसे साफ 10 शहरों में स्थान पाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA